केन्द्रीय आम बजट : 2020-21

वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने **1 फरवरी, 2020** को लोक सभा में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए आम बजट पेश किया। उन्होंने बजट को **प्रौद्योगिकी और युवा वर्ग के विकास** पर केन्द्रीत बताया। इस बजट के तीन प्रमुख भाग है-**पहला,** अकांक्षी भारत यानी शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान, **दूसरा**-सबके लिए आर्थिक विकास एवं **तीसरा**-संरक्षित समाज।

केन्द्रीय बजट : 2020-21

➢ व्यक्तिगत आयकर की एक नई व्यवस्था

- **5 लाख** तक की वार्षिक आय पर कोई कर नहीं लगेगा।
- 5 लाख से 7.5 लाख तक की आय पर **10 प्रतिशत** और 7.5 से 10 लाख तक की वार्षिक आय पर **15 प्रतिशत** की दर लागू होगी।
- 10 लाख से 12.5 लाख तक की वार्षिक आय पर **20 प्रतिशत** की दर से कर लगेगा।
- 12.5 लाख से 15 लाख तक आमदनी पर **25 प्रतिशत** और 15 लाख से ऊपर की आमदनी पर **30 प्रतिशत** की दर से कर देना होगा।
- **नई टैक्स व्यवस्था** के तहत इसमें कोई डिडक्शन शामिल नहीं होगा, जो डिडक्शन लेना चाहते है वों पुरानी दरों से टैक्स दे सकते है।
- स्टार्टअप प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए टैक्स में **रियायत** दी गई है।
- करारोबार की सीमा 25 करोड़ से बढ़ाकर **100 करोड़** की गई है।

➢ शिक्षा और कौसल विकास

- 2020-21 में शिक्षा क्षेत्र के लिए **99300 करोड़ रुपये** और कौशल विकास के लिए **3000 करोड़ रुपये** आवंटित किए गये है।
- शहरी स्थानीय निकाय युवा इंजीनियरों के लिए **एक वर्ष** तक का इंटर्नशिप उपलब्ध कराए जायेंगे।
- शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए **वाणिज्यिक ऋण** और **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश** की अनुमति दी जाएगी। देश में **100 शीर्ष संस्थानों** द्वारा डिग्री सतर का ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रम चलाया जाएगा।
- **2030 तक** भारत के पास विश्व की कार्यशील आयुवर्ग की सबसे बड़ी आबादी होगी।
- भारत उच्च शिक्षा के लिए पसंदीदा गंतव्य होना चाहिए और इसके लिए **स्टडी इन इंडिया** कार्यक्रम के तहत **एशियाई और अफ्रीकी देशों** में **इन्ड-सैट** आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसका उपयोग उन विदेशी उम्मीदवारों की बेंचमार्किंग के लिए किया जायेगा जिन्हें भारत के उच्चतर शिक्षा केन्द्रों में अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियाँ मिलती है।
- पुलिस विज्ञान, न्यायिक विज्ञान और साइबर न्यायिक विज्ञान के क्षेत्र में **राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय** और **राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय** का भी प्रस्ताव है।
- योग चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए **PPP माध्यम** से मौजूदा जिला अस्पतालों के साथ मेडिकल कॉलेजों को जोड़ा जायेगा।

➢ स्वास्थ्य एवं पोषण

- स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट में **69000 करोड़ रुपये** का प्रावधान किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के लिए **6400 करोड़ रुपये** रखे गए है।
- मिशन इन्द्रधनुष के तहत **पांच नये टीकों** सहित 12 बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए काम किया जा रहा है।
- **फिट इंडिया अभियान** जीवन शैली से उत्पन्न होने वाली गैर संचारी बीमारियों का मुकाबला करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत **20 हजार से अधिक** अस्पतालों को पैनलबद्ध किया गया है तथा छोटे शहरों में गरीबों के लिए और अधिक अस्पतालों की जरूरत है। PPP मॉडल के तहत **अस्पतालों की स्थापना** का भी प्रस्ताव है।
- **'टीवी हारेगा, देश जीतेगा'** अभियान के तहत **2025 तक** देश से टीबी को समाप्त करने के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास करेगी।
- सस्ती दरों पर दवाईयाँ उपलब्ध कराने के लिए देश के सभी जिलों में **जन औषधि केंद्र** के विस्तार का प्रस्ताव है।
- जन औषधि केन्द्र योजना के तहत **2024 तक** सभी जिलों में **1000 केन्द्र** स्थापित करके 2000 औषधियों तथा 300 सर्जिकल सामान की उपलब्धता का प्रस्ताव है।
- इस वर्ष पोषण संबंधी कार्यक्रमों के लिए **35600 करोड़ रुपये** प्रस्तावित है।
- महिला विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए **28600 करोड़ रुपये** का प्रावधान रखा गया है।

➢ बुनियादी ढांचे में सुधार

- सरकार के विकास कार्यक्रम में **पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्राथमिकता** पर चर्चा करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि अभिनव और विश्व स्तरीय कार्यों से इन क्षेत्र में निधियों के प्रवाह में सुधार किया जायेगा।
- नवगठित केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के समग्र विकास में सरकार हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।
- इस बजट में जम्मू कश्मीर के लिए **30757 करोड़ रुपये** की राशि आवंटित की गई है। केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख के विकास के लिए **5958 करोड़ रुपये** की व्यवस्था की गई है।

➢ कृषि और किसान कल्याण

- सरकार **2022 तक** किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, ग्रामीण सड़क योजना जैसे कार्यक्रमों से किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत **6 करोड़ 11 लाख** किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। कृषि सिंचाई योजना के जरिए दलहनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।
- वित्तमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए जो अन्य घोषणाएँ की है, उनमें **प्रधानमंत्री किसान योजना** के सभी पात्र लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के दायरे में लाना भी शामिल है।
- जल्द खराब होने वाले खाद्य पदार्थों के शीघ्रता से परिवहन के लिए विशेष **'किसान रेल' और 'किसान उड़ान'** योजना शुरू करने का एलान किया गया है।
- प्रधानमंत्री **KUSUM** (किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान)

Scanned by CamScanner

योजना के अंतर्गत बिजली ग्रिड से नहीं जुड़े सौर पम्पों को बढ़ावा देने की योजना के तहत **20 लाख** किसानों को शामिल किया जाएगा।

- **2025 तक** दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में बढ़ोत्तरी का कार्यक्रम बनाया है।
- मछली पालन में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी वित्तमंत्री ने बजट में घोषनाएँ की है।

➢ **महिला एवं बाल विकास**

- नवजात बच्चों के लिए नई नीति लाई जायेगी। **35,000 करोड़** पोषण नीति के लिए तथा अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए **33,000 करोड़** आवंटित किए गये है।
- **10 करोड़** परिवारों को न्यूट्रिशन की जानकारी दी जायेगी।
- **6 लाख** से अधिक आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को **स्मार्टफोन** दिया जायेगा।

➢ **रक्षा बजट**

- बजट 2020 में रक्षा बजट में **6 प्रतिशत** की बढद्योतरी की गई है। यह अब **3.37 लाख करोड़** हो गया है। पिछले साल तक यह 3.18 लाख करोड़ रूपये था। रक्षा क्षेत्र में दी जाने वाली पेंशन को जोड़ ले तो यह **4.7 लाख करोड़ रूपये** हो गया है।
- इस बार रक्षा क्षेत्र का पेंशन बजट **1.33 लाख करोड़** रूपये है। हथियारों की खरीद और आधुनिकरण के लिए **1,10,734 करोड़** दिए गये है।

➢ **रेलवे बजट**

- केंद्रीय बजट में रेलवे को **70,000 करोड़ रुपये** की बजटीय सहायता आवंटित की गई है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान रेलवे के लिए कुल **1.61 लाख करोड़ रुपये** के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है।
- जल्द खराब होने वाले कृषि उत्पादों के लिए राष्ट्रीय शीत आपूर्ति श्रृंखला के विकास की योजना के तहत निजी सरकारी भागीदारी (PPP) मॉडल में **किसान रेल** चलाएगी।
- सरकार का चुनिंदा मेल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों के जरिए जल्द खराब होने वाले सामान की ढुलाई के लिए **रेफ्रिजरेटेड पार्सल बैन** का भी प्रस्ताव है।
- **24000 किमी.** ट्रेन को इलेक्ट्रोनिक बनाया जायेगा। तेजस ट्रेन की संख्या को बढ़ाया जायेगा।

➢ **स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन**

- 2020-21 के बजट में स्वच्छ भारत मिशन के लिए लगभग **12300 करोड़ रुपये** का आवंटन किया गया है।
- वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार खुले में शौच की कुप्रथा से मुक्त होकर **ओडीएफ प्लस** के प्रति वचनबद्ध है।
- सभी घरों को पाइपलाइन के जरिए जलापूर्ति के लिए 'जल जीवन मिशन' को **3.6 लाख करोड़** दिए गए हैं।
- जल संकट से जूझ रहे देश के **100 जिलों** के लिए सरकार विस्तृत योजना लाएगी।

➢ **सबके लिए मकान का लक्ष्य**

- वित्तमंत्री ने सबके लिए सस्ते मकान का लक्ष्य हासिल करने के लिए आवास ऋण के ब्याज भुगतान पर मिलने वाली **3.5 लाख रुपये** तक के टैक्स छूट को 31 मार्च 2021 तक के लिए बढ़ा दिया है।
- देश में सस्ते आवास की आपूर्ति बढ़ाने के लिए **टैक्स हॉलीडे** का लाभ उठाने के वास्ते सस्ती आवास परियोजनाओं के अनुमोदन की तिथि में भी **एक वर्ष** की बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव है।

➢ **गैर राजनीतिक पदों पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी**

- इस बजट में अराजपत्रित पदों पर भर्ती के लिए **साझा योग्यता परीक्षा** का प्रस्ताव किया गया है।
- इस पहल के तहत सरकार ने बजट में गैर राजपत्रित पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन परीक्षा करवाने के मकसद से **राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी** बनाने की घोषणा की गई है।

आम बजट 2020-21 : मुख्य बिन्दु

- वर्ष 2020-21 के लिए अनुमातिन प्राप्तियाँ **22.4 लाख करोड़ रुपये** है। व्यय का संशोधित अनुमान **30.32 लाख करोड़ रुपये** है। राजकोषीय घाटा **3.5 प्रतिशत** रहने का अनुमान है।
- 2019 में सरकार का ऋण घटकर सकल घरेलू उत्पाद का **48.7 प्रतिशत** हो गया है।
- निवेशकों को राहत देने के लिए **लाभांश वितरण** कर हटाने का प्रस्ताव है।
- कॉरपोरेट कर दर को **15 प्रतिशत** के स्तर पर लाने का साहसी और ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।
- सरकार ने **15वें वित्त आयोग** की सिफारिशें मंजूर कर ली है।
- दो वर्ष में **60 लाख** से अधिक करदाताओं को प्रक्रिया से जोड़ा गया है।
- भारत अभी विश्व की **पांचवीं** सभी बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- 2006 में 2016 के बीच भारत **271 मिलियन** लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने में समर्थ था।
- बैंकों में जमा राशि पर बीमा सुरक्षा का दायरा एक लाख रुपये से बढ़ाकर **पाँच लाख रुपये** किया गया।
- राष्ट्रीय गैस ग्रिड का विस्तार कर इसे **27 हजार किलोमीटर** करने की घोषणा की गयी है।
- 2024-25 तक मत्स्य निर्यात को **एक लाख करोड़ रुपये** तक पहुँचाना।
- 2022-23 तक देश में **200 लाख टन** मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य।
- **3477 मित्रों** और **500 मत्स्य पालन** कृषक संगठनों द्वारा युवाओं को मत्स्य पालन क्षेत्र से जोड़ना।
- **दीनदयाल अंत्योदय योजना**-गरीबी उन्मूलन के लिए **58 लाख** एसएचजी के साथ 0.5 करोड़ परिवारों को जोड़ा गया।
- 2020-21 में ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए **22000 करोड़ रुपये** का प्रस्ताव।
- आईकॉनिक पर्यटन गंतव्य को जोड़ने के लिए **तेजस** जैसी ट्रेने।
- 2020-21 में भारतनेट कार्यक्रम के लिए **6000 करोड़ रुपये** का प्रस्ताव।
- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और दो अन्य पैकेज **2023** तक पूरे हो जाएगे।
- **चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेस-वे** की शुरूआत होगी।
- पर्यटन संवर्द्धन के लिए वर्ष 2020-21 हेतु **2,500 करोड़ रुपये** का आवंटन।
- वर्ष 2020-21 के लिए संस्कृति मंत्रालय हेतु **3,150 करोड़ रुपये** का प्रस्ताव दिया गया है।
- भारत में 2022 में आयोजित होने वाले **जी-20** की अध्यक्षता के लिए तैयारियां शुरू करने हेतु कुल **100 करोड़ रुपये आवंटित**।
- आईआईएफसीएल तथा एनआईआईएफ जैसी अवसंरचना वित्त कंपनियों की सहायता के लिए **22000 करोड़ रुपये** जुटाए जाएंगे।
- सीमा शुल्क को फुटवियर पर 25% से बढ़ाकर **35%** करने और फर्निचर वस्तुओं पर 20% से बढ़ाकर **25%** करने का प्रावधान।
- **न्यूज प्रिंट और हल्के कोटेड पेपर** के आयात पर बुनियादी आयात शुल्क को 10% से घटाकर **5%** किया गया।

Scanned by CamScanner